S.O. No. 69(E)
28.9.1983

रजिस्ट्री सं० डी० (डी० एन०)-72

REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 428] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 28, 1983/आश्विन 6, 1905
No. 428] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 28, 1983/ASVINA 6, 1905

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

दिल्ली विकास प्राधिकरण

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 सितम्बर, 1983

का. आ. 691(अ).—एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 (1957 की संख्या-61) की धारा 5 की उपधारा (2) (डी) के अन्तर्गत दिल्ली विकास प्राधिकरण की सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में सेवा करने हेतु दिल्ली नगर निगम के पार्षदों तथा नगर प्रमुखों द्वारा अपने में से सर्वश्री बलवान सिंह सोलंकी, हरिचन्द वर्मा, मुकुन्द लाल विन्द्रा तथा श्री आर. के. त्यागी को चुन लिया है ।

[सं. 5(1)/79-एम. सी.]

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064 AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1983

ADV. COUNCIL

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY

NOTIFICATION

Delh, the 28th September, 1983

S.O. 691(E).—It is hereby notified that in pursuance of Clause (d) of sub-section (2) of Section 5 of the Delhi Development Act, 1957(61 of 1957), the councillors and aldermen of the Municipal Corporation of Delhi have, from among themselves, elected S|Shri Balwan Singh Solanki, Hari Chand Verma, Mukand Lal Bindra and R. K. Tyagi to serve as members of the Advisory Council of the Delhi Development Authority.

[F. No. 5(1)|79-M.C.]
NATHU RAM, Secy.
Delhi Development Authority

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1983

TO BE PUBLISHED IN PART II SECTION 3(ii) OF THE GAZETTE OF INDIA.

No.18011(28)/67-UD
Government of India
Ministry of Health, Family Planning and Urban Development (Department of Health & U.D.)

New Delhi, dated the 14th Feb.'69

_N_O_T_I_F_I_C_A_T_I_O_N_

In exercise of the powers conferred by sub-Section 2 of Section 52 of the Delhi Development Act, 1957 (61 of 1957) and in supersession of Government of India, in the Ministry of Works, Housing and Supply Notification No.18011(10)/66-UD (Vol.II) dated the 1st May, 1967, the Central Government hereby directs that the powers of that Government under the provisions of the Act, mentioned in the schedule hereto annexed, shall, subject to the control of the Central Government and until further orders, also be exercised by the Administrator of the Union Territory of Delhi, provided that the powers mentioned in item 2 of the Schedule shall be exercised in each case with the prior approval of the Central Government.

_S_C_H_E_D_U_L_E_

1. Clause (a) of Section 2.
2. Sub-Sections 3(e), 3 (d) and (9) of Section 3.
3. Sub-Section (1) of Section 4.
4. Sub-Section (2) of Section 5, except Clause (g).
5. Sub-Section (1) of Section 12.
6. Section 15.
7. Sub-Section (3) of Section 35.
8. Section 36.
9. Section 39.
10. Sub-Section (2) of Section 42.
11. Section 57.

Sd/-
(K.M.L.GUPTA)
Under Secretary to the Govt.of India.

To

The General Manager,
Government of India Press,
New Delhi.

(Land & Building Department)

Vikas Bhawan,
New Delhi.

No. F.5/1/79/I&B/ Dated the 21st August,79

N O T I F I C A T I O N.

In exercise of the powers of the Central Government vested in it under clause(b) of sub-section (2) of Section 5 of the Delhi Development Act, 1957,(No.61 of 1957) and delegated to him under sub-section(2) of Section 52 of the said Act by that Government vide Notification No.18011(28)'67-UD dt. 14.2.69, the Administrator/ Lt.Governor of the Union Territory of Delhi is pleased to nominate Shri M.N.Buch, Vice-Chairman, Delhi Development Authority, in place of Shri M.S.Mehta, Architect, Municipal Corporation of Delhi, on the Advisory Council of the Delhi Development Authority.

(Dharam Dutt)
Deputy Secretary (I&B)
21.8.79

Copy sent for information to :

1. Secretary to Lt.Governor, Rajniwas, Delhi.
2. Sh.M.N.Buch,Vice-Chairman,DDA,18 Teen Murti Lane,New Delhi.
3. Sh.M.M.Rana, Chief Architect, CPWD., 151, Chanakyapuri, New Delhi.
4. Sh.S.I.Chadha,Municipal Health Officer, M.C.D. Delhi.
5. Sh.Baksi Ram, Councillor, M.C.D. 433/1,Vir Savarkar Block,Shakarpur Extn.Delhi-51.
6. Sh.Mehar Chand,Councillor, MCD.,116,Haiderpur,Delhi.
7. Sh.J.N.Bhandari, Councillor,MCD.,B-13,Kirti Nagar, New Delhi.
8. Sh.Dayal Singh,Councillor,MCD., 1403,Gali No.13, Govindpuri,New Delhi.
9. Sh. Hari Kishan Pathak, 23 Mithal Bhai Patel House,New Delhi-1.
10. Smt.Sumitra Charat Ram, 26 Sardar Patel Marg, New Delhi
11. Shri R.L.Sahdev, A-203,Defence Colony,New Delhi.
12. Shri J.S.Marya, Dir-General (R&D),M/o Transport, and Shipping,NewDelhi.
13. Sh.R.K.Dhingra, Addl.General Manager (Telephone),Eastern Courts,Inspection Qurts,New Delhi.
14. Sh.A.N.Singh,Member(Hydro-Elect)Central power Commission,West Block,2-R.K.Puram,New Delhi.

contd.....2/-

15. Shri J.S.Menavalan, Director General, Roads & Cantt. M/O Defence, New Delhi.

16. Shri Kishore Lal, Member of Parliament, 34-35, Mukherji Nagar, Delhi-9.

17. Shri Shiv Narain Sarsoni, Member of Parliament 18, Feroz Shah Road, New Delhi.

18. Sh. Khurshid Alam Khan, Member of Rajya Sabha, 2, Moti Lal Marg, New Delhi.

(Dharam Dutt)
Deputy Secretary (L&B)
21.8.79.

S.O. No. 404 (E)
20.5.1985

रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एन.)-72 REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 245] नई दिल्ली, सोमवार, मई, 20, 1985/वैशाख 30, 1907
No. 245] NEW DELHI, MONDAY, MAY 20, 1985/VAISAKHA 30, 1907

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

दिल्ली विकास प्राधिकरण

अधिसूचना

नई दिल्ली, 20 मई, 1985

का. आ. 404(अ) :—दिल्ली विकास अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) के साथ पठित धारा 57 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिल्ली विकास प्राधिकरण केन्द्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, यथा :—

1. संक्षिप्त नाम :—इन विनियमों को दिल्ली विकास प्राधिकरण (सचिव और मुख्य लेखा अधिकारी की शक्तियां और कर्तव्य) विनियम 1984 कहा जाए।

2. परिभाषाएं :—जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इन विनियमों में—

(1) "अधिनियम" से अभिप्राय है—दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 (1957 का 61)

(2) "प्राधिकरण" से अभिप्राय है—अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अन्तर्गत गठित दिल्ली विकास प्राधिकरण।

(3) "सलाहकार परिषद्" से अभिप्राय है—अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) के अन्तर्गत गठित परिषद्।

(4) "मुख्य लेखा अधिकारी" से अभिप्राय है—अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त मुख्य लेखा अधिकारी।

(5) "सचिव" से अभिप्राय है—अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त सचिव।

(6) इन विनियमों में जो शब्द और पद परिभाषित नहीं किए गए हैं, उनसे वही अभिप्राय होगा जो अधिनियम या उसके अन्तर्गत बने नियमों या विनियमों में है।

3. सचिव की शक्तियां :—सचिव निम्नलिखित शक्तियों का प्रयोग करेगा, यथा :—

(1) कार्यालय के प्रधान के रूप में कार्य करना और उन शक्तियों का प्रयोग करना जो सामान्यतः केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों के प्रधान द्वारा प्रयोक्तव्य हों;

(2) प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर निर्धारित कार्य-विधि या अनुदेशों के अनुसार ग एवं घ समूहों के पदों पर नियुक्तियां करना;

(3) समूह ग एवं घ के कर्मचारियों की छुट्टी स्वीकृत करना;

(4) ऐसे निर्बन्धनों और परिसीमाओं के अध्यधीन, जो प्राधिकरण सामान्य आदेश द्वारा लगाए, स्टेशनरी की वस्तुओं, फार्मों, फर्नीचर, बिजली के सामान, उपकरण, यंत्र और कार्यालय-उपस्कर की अन्य वस्तुओं की अधिप्राप्ति या खरीद के व्यय की स्वीकृति देना ;

(5) प्राधिकरण की ओर से प्राधिकरण या किसी उस अधिकारी द्वारा स्वीकृत किए गए लेन-देन के संबंध में करार, पट्टा-विलेख, विक्रय-विलेख और अन्य दस्तावेज निष्पादित करना, जिसे वे लेन-देन स्वीकृत करने की शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हों; और

(6) वाद या विधि कार्यवाही संस्थित करना और प्राधिकरण या उसके पूर्ववर्ती निकायों द्वारा या उसके विरुद्ध संस्थित किए गए वाद या संस्थित की गई विधि कार्यवाही की प्रतिरक्षा करना और प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा अनुमोदित शर्तों पर उन्हें वापस लेना या उनके संबंध में समझौता करना।

4. सचिव के कर्त्तव्य :—सचिव निम्नलिखित सभी कर्त्तव्यों या किसी भी कर्त्तव्य के लिए उत्तरदायी होगा, यथा :—

(1) प्राधिकरण और सलाहकार परिषद् तथा उन समितियों की बैठकें निश्चित करना, जो प्राधिकरण द्वारा अधिनियम की धारा 5 ए की उप-धारा (1) के अन्तर्गत समय-समय पर गठित की जाएंगी, और उक्त निकायों की बैठकों की कार्यवाही की कार्यावलियों और कार्यवृत्तों को तैयार करना तथा उन्हें जारी करना;

(2) केन्द्रीय सरकार; प्राधिकरण, सलाहकार परिषद् या उप नियम (1) में उल्लिखित समितियों, जैसी भी स्थिति हो, द्वारा मांगे गए कागज-पत्रों या सूचना को अधिप्राप्त करना और निर्धारित अवधि, यदि कोई हो, के अन्दर उन्हें भेजना;

(3) अधिनियम की धारा 41 की उपधारा (1) के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए निदेशों का पालन सुनिश्चित करना;

(4) दिल्ली विकास प्राधिकरण (विविध) नियम, 1951 के अनुसार प्राधिकरण के कार्यकलापों पर रिपोर्ट तैयार करना और प्राधिकरण के अनुमोदन के बाद निर्धारित समय-सारणी के अनुसार उसे केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत करना;

(5) उपाध्यक्ष द्वारा जारी किए गए सामान्य या विशेष अनुदेशों के अध्यधीन निर्धारित विधि से और निर्धारित सीमा तक प्राधिकरण के कार्य-कलापों का प्रचार करना;

(6) प्राधिकरण में पदों के सृजन के प्रस्ताव और अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति के संबंध में सूचना देना;

(7) पदों के सृजन या उन्हें जारी रखने और अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति के बारे में मुख्य लेखा अधिकारी को सूचना भेजना और अन्यथा स्टॉफ की मांग पर निगरानी रखना;

(8) प्राधिकरण के कार्यालय के विभिन्न विभागों, शाखाओं और अनुभागों के साथ सम्पर्क बनाए रखना और उनके बीच समन्वय सुनिश्चित

(9) पदों के सृजन और अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित सभी मामलों पर और सामान्यतः अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा उनकी सेवा-शर्तों से संबंधित अन्य मामलों के बारे में परामर्श देना ;

(10) अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शिकायतों को दूर करने से संबंधित सभी मामलों और उनके कल्याण से संबंधित मामलों पर कार्रवाई करना;

(11) इस बात को सुनिश्चित करने की दृष्टि से कि उचित अनुशासन बनाए रखा जाता है और कार्य विधिवत् और कुशलतापूर्वक किया जाता है, प्राधिकरण के स्टाफ का सामान्य पर्यवेक्षण करना;

(12) अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए रिहायशी आवास सुविधाओं की व्यवस्था के लिए प्रस्ताव रखने संबंधी कार्रवाई आरम्भ करना;

(13) कार्यालय के कुशल संचालन के लिए अपेक्षित मूल्य और मात्रा में स्टेशनरी की वस्तुओं, फर्नीचर, फार्म, बिजली के सामान, उपस्कर, यन्त्रों और अन्य कार्यालय उपस्कर की समय पर अधिप्राप्ति और सप्लाई की व्यवस्था करना और दैनिक कार्यालय प्रबन्ध से संबंधित सभी मामलों का प्रभावी पर्यवेक्षण करना।

5. मुख्य लेखा अधिकारी निम्नलिखित शक्तियों का प्रयोग करेगा, यथा : —

(1) प्रस्तावित या निष्पादित किसी वित्तीय लेन-देन से संबंधित किसी मामले या उन मामलों के संबंध में, जिन पर वह स्वयं कुछ समय के लिए कार्यवाई कर रहा हो, प्राधिकरण के विभागों, शाखाओं या अनुभागों से आवश्यकतानुसार रिकार्ड या सूचना मंगवाना और उनकी जांच करना या किसी निरीक्षण-दल द्वारा उसकी जांच करवाना;

(2) प्राधिकरण के किसी अधिकारी या कर्मचारी की अभिरक्षा में रखी हुई प्राधिकरण की नकदी का प्रत्यक्ष सत्यापन करना या इस मामले में उसके द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति से उसका प्रत्यक्ष सत्यापन करवाना,

(3) सामान्य भविष्य निधि या अंशदायी भविष्य निधि जैसी भी स्थिति हो, से प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों को वापस किए जाने वाले और वापस न किए जाने वाले अग्रिम स्वीकृत करना;

(4) लेखे रखने और उसे सौंपे गए अन्य कार्यों के लिए पर्याप्त स्टाफ प्राप्त करना और लेखा विभाग या उन अन्य विभागों, शाखाओं या अनुभागों के कुशल संचालन के लिए आवश्यक पदों को भरने के लिए उपाध्यक्ष के निदेशों के अन्तर्गत प्रतिनियुक्ति पर उचित कार्मिक प्राप्त करना, जिन्हें रुपए-पैसे का हिसाब रखने के लिए पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से कार्य सौंपा गया हो; और

(5) प्राधिकरण अथवा उपाध्यक्ष द्वारा प्रत्यायोजित की जाने वाली अन्य शक्तियों का प्रयोग करना।

6. मुख्य लेखा अधिकारी के कर्त्तव्य वह निम्नलिखित [illegible] पालन करेगा, यथा : —

[illegible] प्राधिकरण की अनुमानित प्राप्तियों व [illegible] को [illegible] वित्त वर्ष के संबंध में नियमों [illegible] और अवधि के अन्दर [illegible] को तैयार करना [illegible];

[illegible] लेन-देन सहित प्राधिकरण के लेखों और अन्य सम्बद्ध रिकॉर्ड तथा मासिक लेखों एवं वार्षिक लेखा विवरण का उचित रख-रखाव उस रूप में सुनिश्चित करना, जिसमें केन्द्रीय सरकार भारत के महानियंत्रक एवं लेखा परीक्षक के परामर्श से नियमों द्वारा निर्धारित करेगी;

(3) प्राधिकरण द्वारा प्राप्त या लिए गए ऋणों के रजिस्टर का रख-रखाव निश्चित करना और निक्षेप निधि, यदि चालू हो, के लिए इन ऋणों का रजिस्टर रखना;

(4) बजट अनुमान के अनुसार व्यय की प्रगति पर नजर रखना और अर्थोपाय स्थिति पर नियंत्रण रखना;

(5) लेखा और बजट से संबंधित सभी मामलों पर सलाह देना और सामान्यतः वित्तीय नियमों का उचित अनुपालन सुनिश्चित करना;

(6) उसके पास भेजे गए व्यय के सभी प्रस्तावों के वित्तीय पहलुओं पर सलाह देना और प्राधिकरण की देयताओं पर नजर रखना तथा इस बात को देखना कि प्राधिकरण के वित्तीय लेन-देन के संबंध में लागू नियमों और आदेशों का पालन किया जाता है;

(7) प्राधिकरण की अधिशेष निधि को लाभकारी ढंग से लगाने के लिए सलाह देना और लगाई गई पूंजी का लेखा रखना और निवेशों की परिपक्वता पर नजर रखना;

(8) प्राधिकरण के लेखा विभाग और प्राधिकरण की उन अन्य शाखाओं या अनुभागों के स्टाफ की मांग के बारे में सलाह देना, जिन्हें वित्तीय लेन-देन का हिसाब रखने का कार्य पूर्ण या आंशिक रूप से सौंपा गया हो;

(9) प्राधिकरण के [illegible] और कर्मचारियों की छुट्टी, वेतन [illegible] सेवा शर्तों को प्रभावित [illegible] की स्वीकार्यता [illegible]

(10) इस [illegible] समय-[illegible] वार्षिक [illegible] किया [illegible] उसकी लेखा-परीक्षा रिपोर्ट [illegible] का प्रस्तुत किया जाता है।

[illegible] (149)/[illegible]

[illegible] बी. सी. [illegible]

[illegible] प्राधिकरण

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY

New Delhi, the 20th May, 1985

NOTIFICATION

S.O. 404(E) :—In exercise of the powers conferred by clause (b) of sub-section (1) of section 57, read with sub-section (1) of section 4 of the Delhi Development Act, the Delhi Development Authority, with the previous approval of the Central Government hereby makes the following regulations namely :—

1. Short Title.—These regulations may be called the Delhi Development Authority (Powers and Duties of the Secretary and the Chief Accounts Officer) Regulations, 1984.

2. Definitions.—In these regulations, unless the context otherwise requires—

1. "Act" means the Delhi Development Act 1957 (61 of 1957).

2. "Authority" means the Delhi Development Authority, constituted under sub-section (1) of section 3 of the Act.

3. "Advisory Council" means the council constituted under sub-section (1) of section 5 of the Act.

4. "Chief Accounts Officer" means the Chief Accounts Officer appointed by the Central Government under sub-section (1) of the section 4 of the Act.

5. "Secretary" means the Secretary appointed by the Central Government under sub-section (1) of section 4 of the Act.

6. Words and expressions not defined in these regulations shall have the same meaning as in the Act or rules or regulations framed the rounder.

3. Powers of the Secretary.—The Secretary shall exercise the following powers, namely :—

1. To act as Head of the Office and to exercise such powers as are normally exercisable by the Head of Offices of the Central Government ;

2. to make appointments to posts in C&D groups in accordance with such procedure or instructions as the Authority may from time to time lay down,

3. to sanction leave to employees in groups C&D

4. Subject to such restrictions and limits as the Authority may by general order imposes, to sanction expenditure on the procurement or purchase of stationery articles, forms, furniture, electrical goods, tools, instruments and other articles of office equipment ;

5. to execute on behalf of the Authority agreements, lease deeds, sale deeds and such other documents in respect of transactions sanctioned by it or any officer to whom power to sanction such transactions may have been delegated and

6. to institute or defend suits or legal proceedings instituted by or against the Authority or its predecessor bodies and to withdraw or to compromise the same on such terms and conditions as may be approved by the Vice Chairman of the Authority.

4. Duties of the secretary.—The Secretary shall be responsible for performing all or any of the following duties, namely :—

1. To fix meetings of the Authority, and the Advisory Council and of such committees as the Authority may from time to time constitute under sub-section (1) of section 5A of the Act, and prepare and issue agenda and minutes of proceedings of meetings of the said bodies ;

2. to procure and supply within such time, if any, as may be specified, to the Central Government, the Authority, the Advisory Council or Committees mentioned in sub-rule (1) as the case may be, such papers or information as may be asked for ;

3. to ensure that such directions as the Central Government may issue under sub section (1) of section 41 of the Act are carried out;

4. to compile a report on the activities of the Authority in accordance with the Delhi Development Authority (Miscellaneous) Rules, 1959, and, after approval by the Authority, to submit it to the Central Government in accordance with the prescribed time schedule ;

5. Subject to such general or specific instruction as the Vice Chairman may issue, to publicise the activities of the Authority in such manner and to such extent as may be laid down ;

6. to intimate proposals for the creation of posts and the appointment of officers and employees in the Authority.

7. to send intimation to the Chief Accounts Officer about the creation or continuance of posts and appointment of officers and employees, and otherwise to keep watch over the requirement of staff ;

8. to maintain liaison with and ensure coordination between the various departments branches and sections of the office of the Authority ;

9. to advise on all matters concerning creation of posts, appointment of officers and employees and generally about other matters concerning officers and employees and their service conditions ;

10. to deal with all matters relating to the redressal of grievances of officers and employees and matters connected with their welfare;

11. to exercise general superintendence over the staff of the Authority, with a view to ensuring that proper discipline is maintained and work is carried on in an orderly and business like manner ;

12. to initiate proposals for the provision of residential housing facilitating for officers and employees; and

13. to arrange for the timely procurement and supply of articles of stationery, furniture, forms, electrical goods, tools, instruments and other office equipment of such value and in such quantities as may be required for the efficient functioning of the office and to keep effective supervision overall matters connected with day-to-day office management.

5. The Chief Accounts Officer shall exercise the following powers, namely :

1. To check and call for records or information whatever necessary, from the departments, branches or sections of the Authority in respect of any matter relating to a monetary transaction, proposed or executed or relating to the matters being dealt with by him for the time being or get it done by an inspection party;

2. to conduct or to get conducted through any person authorised by him in this behalf, physical verificatios of cash of the Authority in the custody of any officer or employee of the Authority;

3. to sanction refundable and non refundable advances to officers and employees of the Authority from the general provident fund or the costributory provident fund, as the case may be;

4. to have adequate staff for the maintenance of accounts and other functions assigned to him and to obtain suitable personnel on deputation under the directions of the Vice Chairman to fill posts as may be necessary for the efficient functioning of the Accounts Department or such other departments, branches or sections, as may be charged wholly or in part with the accounting of moneys; and

5. to exercise such other powers as may be delegated by the Authority or the Vice Chairman.

6. Duties of the CAO.—He shall perform the following duties, namely:

1. to ensure timely preparation of a budget, in such form and at such time every year as may be prescribed by rules, in respect of mated receipt and expenditure of the mated requips and expenditure of the Authority;

2. to ensure proper maintenance of accounts and other relevant record and monthly accounts and annual statement of accounts of the Authority including balance sheet in such form as the Central Govt. may in consultation with the Comptroller & Auditor General of India, by rules prescribe;

3. to ensure maintenance of a register of loans received or raised by the Authority and to maintain in respect of such loans an account of the sinking fund, if operated;

4. to watch progress of expenditure aginst budget estimates and to keep in check the ways and means position;

5. to advise in all matters relating to accounts and budget and to ensure proper operation of financial rules generally;

6. to advise on the financial aspects of all proposals for expenditure referred to him and to keep a watch over liabilities against the Authority and to see that and orders in force in respect of monetary transactions of the Authority are observed;

7. to advise on the profitable manner of investement of the surplus funds of the Authority and to maintain account of and to keep a watch over the maturity of investments;

8. to advise about the requirement of staff on the Accounts Department of the Authority and other branches or sections of the Authority as may be charged wholly or in part with the accounting of monetary transactions;

See S.O. No. 548(E) dt. 26.7.85

9. to report on the admissibility of leave, pension gratuity and other matters affecting the service conditions of officers and employees of the Authority; and

10. to ensure that the annual Accounts are compiled and submitted to the Central Government together with the Audit Report thereon is accordance with the prescribed time schedule.

[F. 1(148)/70-GA]
M. P. JAIN, Secy.
Delhi Development Authority.

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054. 1985

F1(148)70.9A

The powers and duties of Secretary as also of the Chief Accounts Officer have become a matter of Regulations framed under Section 57(b) of Delhi Development Act. The Regulations have been notified in Gazette Extraordinatry of May 20, 1985. The Regulations have been laid on the table of both the Houses of Parliament. Thus they have come to have a mandatory character.

Before the Regulations came into force, V.C. was pleased to entrust some of the duties/functions of the Secretary as given in the Regulations to Commissioner(A). In the interest of general administrative and legal propriety, V.C. might like to order the exercise of powers and discharge of duties as laid down in the Regulations by the Secretary henceforth.

[M.P. Jain]
Secretary
16.1.86

Vice-Chairman.

20/1/86

S.O. No. 421(E)
28-5.1985

रजिस्ट्री सं० डी०-(डी०एन०)-73

REGISTERED No. D. (D.N.)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 259] नई दिल्ली, मंगलवार, 28 मई, 1985/ ज्येष्ठ 7, 1907

No. 259] NEW DELHI, TUESDAY, MAY 28, 1985/JYAISTHA 7, 1907

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

दिल्ली विकास प्राधिकरण

(स्लम विभाग)

नई दिल्ली, 27 मई, 1985

अधिसूचना

का.आ. 421(अ) :—दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 (1957 का 61) की धारा 52 की उपधारा (1) के अन्तर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिल्ली विकास प्राधिकरण स्लम विभाग के मामले में अपने शक्तियां अपने उन सदस्यों/अधिकारियों को एतद्द्वारा प्रत्यायोजित करता है, जो संलग्न अनुसूची में उल्लिखित हैं।

एम. पी. जैन, सचिव

अनुसूची

सेवा का नाम	पदों का सृजन करने वाला सक्षम प्राधिकारी	नियुक्ति करने के लिए सक्षम प्राधिकारी	दण्ड देने वाला प्राधिकारी (अनुशासनिक प्राधिकारी) और वे दण्ड, जो दिए जा सकते हैं		अपील प्राधिकारी
			प्राधिकारी	दण्ड समय-समय पर यथा संशोधित केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1965 का नियम-II	
ग्रुप "सी" पद स्लम एवं जे.जे. विभाग	उपाध्यक्ष	निदेशक (स्लम)	निदेशक (स्लम)	—सभी—	उपाध्यक्ष
ग्रुप "डी" पद स्लम एवं जे.जे. विभाग	उपाध्यक्ष	निदेशक (स्लम)	निदेशक (स्लम)	—सभी—	उपाध्यक्ष

247 GI/85

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
(Slum Department)

New Delhi, the 27th May, 1985

NOTIFICATION

S.O. 421 (E):— In exercise of the powers vested in it under sub-section (1) of section 52 of the Delhi Development Act, 1957 (61 of 1957) the Delhi Development Authority hereby delegates such of its powers in respect of slum Department to such of its members officers as mentioned in the schedule attached.

M. P. JAIN, Secy.

SCHEDULE

Title of Service	Authority competent to create posts	Authority empowered to appoint	Authority (Disciplinary Authority) empowered to impose penanties & penalties if may impose		Appellate Authority
			Authority	Penalities (Rules II of CCS (CCA) Rules 1965 as amended from time to time.	
Group 'C' Posts Slum & JJ Deptt.	Vice Chairman	Director (s)	Director (s)	All	Vice-Chairman
Group 'D' Posts Slum & JJ Deptt.	Vice Chairman	Director (s)	Director (s)	All	Vice-Chairman

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1985

S.O. No. 546 (E)
26.7.1985

रजि.सं. डी. (डी. एन.)-7 REGISTERED No. D. (D.N.)-7

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 359] नई दिल्ली, शुक्रवार, जुलाई 26, 1985/श्रावण 4, 1907
No. 359] NEW DELHI, FRIDAY, JULY 26, 1985/SRAVANA 4, 1907

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY

New Delhi, the 22nd July, 1985

CORRIGENDUM

S.O. 546(E).—In partial modification of notification published on 20-5-1985 in part II section 3(ii) vide S.O. No. 404(E) in the Extraordinary Gazette of India, para 1 at page 5 regarding the Duties of the Chief Accounts Officer, D.D.A. may be read as under :—

"to ensure timely preparation of a budget, in such form and at such time every year as may be prescribed.

by rules, in respect of the next financial year showing the estimated receipts and expenditure of the Authority".

[F. 1(148)/GA]

M. P. JAIN, Secy.

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1985

S.O. No. 547 (E)
26.7.1985

रजिस्ट्री सं: डी. (डी.एन.)-72 REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 360] नई दिल्ली, शुक्रवार, जुलाई 26, 1985/श्रावण 4, 1907
No. 360] NEW DELHI, FRIDAY, JULY 26, 1985/SRAVANA 4, 1907

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

दिल्ली विकास प्राधिकरण

नई दिल्ली, 26 जुलाई, 1985

अधिसूचना

का. आ. 547(अ) :—एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि दिल्ली विकास अधिनियम, 1957(1957 का 61) की धारा 5 की उपधारा (2) के खण्ड (ई) के अन्तर्गत जल प्रदाय एवं मल व्ययन समिति और दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान के सदस्य क्रमशः श्री अबजीत सिंह गुलाटी और श्री

नारायण सिंह दिल्ली विकास प्राधिकरण की सलाहकार परिषद के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिये निर्वाचित किए गए हैं।

[सं. एफ. 5(1)/79-एम. सी. पार्ट]

एम. पी. जैन, सचिव

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY

New Delhi, the 26th July, 1985

NOTIFICATION

S.O. 547(E).—It is hereby notified that under clause (e) of sub-section (2) of section 5 of the Delhi Development Act, 1957 (61 of 1957) Shri Abjit Singh Gulati and Sh. Narain Singh representatives from Water Supply and Sewage Disposal Committee and Delhi Electric Supply Undertaking respectively have been elected to serve as members of the Advisory Council of the Delhi Development Authority.

[F. 5(1)|79-MC-PT]

M. P. JAIN, Secy.

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1985

S.O. No. 548(E)
26.7.1985

रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एन.)-72

REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 361] नई दिल्ली, शुक्रवार, जुलाई 26, 1985/श्रावण 4, 1907

No. 361] NEW DELHI, FRIDAY, JULY 26, 1985/SRAVANA 4, 1907

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

दिल्ली विकास प्राधिकरण

अधिसूचनाएं

नई दिल्ली, 26 जुलाई, 1985

का.आ. 548(अ):--दिल्ली विकास प्राधिकरण की अधिसूचना सं० एफ. 5(1)/79 एम.सी० दिनांक 17 मार्च, 1981 का आंशिक संशोधन करते हुए एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 (1957 का 61) की धारा 5 की उपधारा (2) के खंड (एच) के अंतर्गत लोकसभा के सदस्य श्री भरतसिंह और श्रीमती सुन्दरवती नवल प्रभाकर, प्रोफेसर नारायण चन्द पराशर और श्री राम विलास पासवान जिनकी सदस्यता सातवीं लोकसभा के भंग होने पर समाप्त हो गयी, के स्थान पर दिल्ली विकास प्राधिकरण की "सलाहकार परिषद" के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिए लोकसभा द्वारा निर्वाचित किये गए हैं।

[एफ० 5(1)/79 एम.सी./पार्ट]

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY

NOTIFICATIONS

New Delhi, the 26th July, 1985

S.O. 548(E).—In partial modification of notification No. F. 5(1)79-MC dated 17th March, 1981, of Delhi Development Authority, it is hereby notified that under clause (h) of sub-section (2) of section 5 of Delhi Development Act, 1957 (61 of 1957). Sh. Bharat Singh and Smt. Sunderwati Naval Prabhakar both members of the House of the People (Lok Sabha) have been elected by the House of People (Lok Sabha) to serve as members of the 'Advisory Council' of the Delhi Development Authority in place of Professor Narain Chand Parasher and Sh. Ram Vilas Paswan who ceased to be members of the 7th Lok Sabha on its dissolution.

[F. 5(1)79-MC-PT]

का. आ. 549 (अ).—एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 (1957 का 61) की धारा 5 की उप-धारा (2) के खंड (एच) के अन्तर्गत श्री शमीम अहमद सिद्दिकी, संसद सदस्य राज्यसभा के सदस्य श्री हरविन्दर सिंह हंसपाल के स्थान पर दिल्ली विकास प्राधिकरण की सलाहकार परिषद के सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए दिनांक 19-3-85 को राज्य सभा द्वारा निर्वाचित किए गए हैं।

[एफ 5(1)/79 एम. सी. पार्ट]
एम. पी. जैन, सचिव

S.O. 549(E).—It is hereby notified that under clause (h) of sub-section (2) of section 5 of the Delhi Development Act, 1957 (61 of 1957), Sh. Shamim Ahmed Siddiqi, M.P. has been elected by the Rajya Sabha on 19-3-85 to serve as member of the Advisory Council of the Delhi Development Authority in place of Sh. Harvinder Singh Hanspal member of Rajya Sabha.

[F. 5(1)79-MC|PT]
M. P. JAIN, Secy.

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1985

S.O. No. 637(E)
30.8.1985

रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72 REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 415] नई दिल्ली, शुक्रवार, अगस्त 30, 1985/भाद्र 8, 1907
No. 415] NEW DELHI, FRIDAY, AUGUST 30, 1985/BHADRA 8, 1907

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

दिल्ली विकास प्राधिकरण

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 अगस्त, 1985

का०आ० 637(अ) :—दिल्ली विकास प्राधिकरण (आवासीय सम्पदाओं के प्रबन्ध एवं निष्टान) विनियमन, 1968 के विनियम 3 के अन्तर्गत उनमें निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपाध्यक्ष, दिल्ली विकास प्राधिकरण एतद्द्वारा उक्त विनियमन, 1968 के विनियम 38 से 49 तथा 51 से 58 तक के अन्तर्गत उनके द्वारा प्रयोग की जा सकने वाली सभी शक्तियां, अधिसूचना सं० 1(1)79/समन्वय, दिनांक 28-9-79 द्वारा निदेशक (आवास) को पहले प्रदत्त शक्तियों के अतिरिक्त, आयुक्त (आवास), दिल्ली विकास प्राधिकरण को प्रदान करते हैं।

[सं० 3(20)/79/एच/एजेंसी]

एम० पी० जैन, सचिव, दिल्ली विकास प्राधिकरण

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY

NOTIFICATION

New Delhi, the 28th August, 1985

S.O. 637(E).---In exercise of the powers vested in him under Regulation 3 of the Delhi Development Authority (Management and Disposal of Housing Estates) Regulations, 1968, the Vice Chairman, Delhi Development Authority hereby delegates all powers exerciseable by him under Regulations 38 to 49 and 51 to 58 of the said Regulations to the Commissioner (Housing), DDA, in addition to the powers already delegated to Director (Housing), vide Notification No. 1(1)|79-Coordn. dated 28-9-79.

[No. 3(20)|79|H|Agency]

M. P. JAIN, Secy., DDA

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1985

S.O. No. 638(E)
30.8.1985

रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एन.)-72 REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 416] नई दिल्ली, शुक्रवार, अगस्त 30, 1985/भाद्र 8, 1907
No. 416] NEW DELHI, FRIDAY, AUGUST 30, 1985/BHADRA 8, 1907

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

दिल्ली विकास प्राधिकरण

नई दिल्ली, 28 अगस्त, 1985

अधिसूचना

का०आ० 638(अ) :—दिल्ली विकास अधिनियम, 1957(1957 का 61) की धारा 52 की उपधारा (1) के आधार पर उसमें निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिल्ली विकास प्राधिकरण एतद्द्वारा निदेश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 12(3) और निम्नलिखित के अनुसार उससे सम्बन्धित मामलों के अतिक्रमण के लिए अभियोजन करने संबंधी उसकी

शक्तियों का प्रयोग उन अधिकारियों द्वारा भी किया जाएगा जिनका नीचे की अनुसूची में प्रत्येक के सम्मुख उल्लेख किया गया है :—

अनुसूची

क्रम सं०	शक्तियां	प्राधिकृत/प्रत्यायोजित अधिकारी
1.	दिल्ली विकास अधिनियम 1957 की धारा 28 के अन्तर्गत प्रवेश की शक्तियां ।	उन अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त अपर आयुक्त (भूमि) जिन्हें पहले से शक्तियां दी हुई हैं ।
2.	धारा 49 के अन्तर्गत पिछली स्वीकृति देने की शक्तियां ।	उन अधिकारियों/कर्मचारियो के अतिरिक्त अपर आयुक्त (भूमि) जिन्हें पहले से शक्तियां दी हुई हैं ।
3.	धारा 29(1) के साथ पठित 12(3) के अतिक्रमण के लिए परिवाद फाइल करने और उसके लिए काउन्सेल नियुक्त करने की शक्तियां ।	उन अधिकारियो/कर्मचारियों के अतिरिक्त अपर आयुक्त (भूमि) जिन्हें पहले से शक्तियां दी हुई हैं ।

[संख्या डी०ए० मिसिलेनियस(48)/84]

एम०पी० जैन, सचिव, दिल्ली विकास प्राधिकरण

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY

New Delhi, the 28 August, 1985

NOTIFICATION

S.O. 638(E).—In exercise of powers vested in it by virtue of sub-section (1) of section 52 of the Delhi Development Act, 1957(61 of 1957), the Delhi Development Authority hereby directs that its powers in respect of prosecution for violation of section 12(3) ibid and matters connected therewith as mentioned below may also be excersied by such officers as are mentioned against each in the schedule below :

SCHEDULE

Sl. No.	Powers	Officers Authorised/Delegated
1	Powers of entry under section 28 of the Delhi Development Act, 1957	In addition to the Officers/ officials already empowered, the Additional Commissioner (Lands).

1	2	3
2.	Powers to grant previous sanction under section 49 of the Delhi Development Act, 1957	In addition to the officers already empowered, the Additional Commissioner (Lands).
3.	Powers to file complaint for violation of section 12(3) read with section 29(1) of the Delhi Development Act, 1957 and to engage counsel therefor.	In addition to the Officer already empowered the Additional Commissioner (Lands).

[No. DDA/Misc. (48)/84]
M.P. JAIN, Secy. (DDA)

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1985

S. O. No. 161
18.1.1986

EXTRACT FROM THE GAZETTE OF INDIA : PART II SEC. 3 SUB. SEC. (ii)

Appearing on Page Nos. 16 176
Dated 18-1-1986

दिल्ली विकास प्राधिकरण
DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY

अधिसूचना

नई दिल्ली, 9 जनवरी, 1986

का.आ. 161:--दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 (1957 का 61) की धारा-57 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिल्ली विकास प्राधिकरण एतदद्वारा केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुमति से उक्त धारा के अनुच्छेद (एफ) के अंतर्गत निम्नलिखित विनियम बनाता है :--

अध्याय 1—सामान्य

1. संक्षिप्त शीर्षक लागू होना व समारम्भ (1) इन विनियमों को दिल्ली विकास प्राधिकारण (क्षेत्रीय) विनियम, 1983 कहा जाए।

(2) ये विनियम समस्त संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली पर लागू होंगे।

(3) ये विनियम सरकारी गजट में इनके प्रकाशन की तिथि से तत्काल लागू हो जाएंगे।

2. परिभाषाएं (1) इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ से प्रतिकूल आशय न हो :--

(ए) "अधिनियम" से अभिप्राय दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 (1957 का 61) से है;

(बी) "प्राधिकरण" से अभिप्राय अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत गठित दिल्ली विकास प्राधिकरण से है;

(सी) "पूंजीगत मूल्य" से अभिप्राय भूमि, संरचना एवं मशीनरी के मूल्य से है जिस पर संस्वीकृत मुख्य योजना की तिथि से ह्रास अनुमेय है।

(डी) "वाणिज्यिक" से अभिप्राय है जो वाणिज्य से संबंधित हो।

(ई) "सक्षम प्राधिकारी" से अभिप्राय दिल्ली विकास प्राधिकरण से है।

(एफ) "जिला केन्द्र" से अभिप्राय किसी नक्शे में दर्शाये गये जिला केन्द्र से है और जिसमें उप-जिला केन्द्र भी सम्मिलित है।

(जी) "प्रति कामगार फर्श क्षेत्र" से अभिप्राय वर्ग मीटरों में मापित उस भागफल से है कुल उपलब्ध फर्श को कुल पंजीकृत औद्योगिक श्रम संख्या से विभाजित करने पर प्राप्त होता है।

(एच) "भवनों में सुधार" से अभिप्राय अनुसूची-3 में उल्लिखित सुधारों से है।

(आई) "औद्योगिक" से अभिप्राय है जो उद्योग से संबंधित है।

(जे) "अपुष्ट प्रयोग" से अभिप्राय किसी भूमि या भवन का प्रयोग किसी क्षेत्र की मुख्य योजना तथा अथवा क्षेत्रीय विकास योजना के अनुसार न होने से है।

(के) "हानिकारक उद्योग" से अभिप्राय ऐसे उद्योगों से है जिनसे जीवन को खतरा हो जो धूम उत्पन्न करके, बाहर की ओर प्रवाहित होकर स्वास्थ्य अथवा सम्पत्ति को नुकसान पहुंचा सकते हों या जहां ज्वलनशील सामग्री उत्पन्न की जाती हो अथवा भंडार के रूप में रखी जाती हो।

(एल) "शोर कारक उद्योग" से अभिप्राय ऐसे उद्योग से है जो देखने में या दिखावट में, सूंघने में या सुनने में किसी को नुकसान, खतरा पहुंचाये या उसे परेशान कर दे अथवा विश्राम या निद्रा में व्यवधान पहुंचाये।

(एम) "पंजीकृत रोजगार" से अभिप्राय अधिनियम जिसके अधीन कोई उद्योग चल रहा है; के अनुसार पंजीकृत कामगारों की संख्या से है।

(एन) "रिहायशी" से अभिप्राय है कि जो रिहायश से संबंधित हो।

(ओ) "प्रयोग क्षेत्र" से अभिप्राय अनुसूची-1 में उल्लिखित में विभिन्न उपयोगों की पद संज्ञाओं से है।

2. कोई भी शब्द जो यहां सुस्पष्टता से पारिभाषित नहीं है, उसका वही अर्थ होगा जैसा की मुख्य योजना में पारिभाषित या उल्लिखित किया गया है।

अध्याय 2

3. निर्मित क्षेत्रों में स्वीकृतिदाता प्राधिकारी द्वारा अनुमत किये जाने वाले उपयोग: निर्मित क्षेत्रों में स्वीकृतिदाता प्राधिकारी किसी प्रयोग क्षेत्र में, क्षेत्रीय विकास योजनाओं के तैयार होने तक अनुमत प्रयोग की अनुमति दे सकता है।

4. स्वीकृतिदाता प्राधिकारी द्वारा/अनुमत उपयोगों को क्षेत्रीय विकास योजना में समाविष्ट करना जब कभी किसी निर्मित क्षेत्र की क्षेत्रीय विकास योजना तैयार की जाती है तो स्वीकृतिदाता प्राधिकारी द्वारा अनुमत उपयोगों को भूमि उपयोग संबंधी प्रस्तावों में समाविष्ट कर लिया जाएगा।

अध्याय 3

अपुष्ट प्रयोगों को हटाना तथा कुछेक प्रयोगों का परिवर्तन :

5. औद्योगिक अपुष्ट प्रयोग ('खतरनाक उद्योग) :—कोई भी व्यक्ति चाहे वह योजना लागू होने के तुरन्त पहले से ही किसी भूमि या भवनों

को किसी हानिकारक उद्योग के चलाने के लिए प्रयोग कर रहा हो, उसे उस उद्योग को तीन वर्ष के भीतर किसी पुष्ट क्षेत्र में स्थानान्तरित करना होगा या कथित अवधि की समाप्ति पर अपुष्ट प्रयोग को बन्द करना होगा :

परन्तु किसी भी व्यक्ति द्वारा "हानिकारक उद्योग" हेतु उस जोन में उक्त भूमि या भवन का ऐसी अतिरिक्त अवधि हेतु जितनी कि प्राधिकरण द्वारा अनुमत की जाए, प्रयोग जारी रखना वैध माना जाएगा;

(ए) पूंजीगत मूल्य एक लाख रुपए से अधिक होने पर अनुसूची-2 के अनुसार ;

(बी) किसी अन्य मामले में हानिकारक उद्योगों की विशिष्ट प्रकृति को ध्यान में रखकर प्राधिकरण द्वारा तय की जाने वाली उचित शर्तों व निबन्धनों के आधार पर तथा समय-समय पर अपुष्ट प्रयोग हेतु इसी प्रकार निर्धारित दरों के अनुसार कर की वसूली करके अनुमति दी जाएगी।

6. हानि रहित उद्योग किन्तु शोरकारक : किसी व्यक्ति द्वारा चाहे योजना लागू होने के तुरन्त पहले से किसी भूमि या भवन को शोरकारक उद्योग को चलाने हेतु प्रयोग में लाया जा रहा हो तो उसे उस उद्योग को चार वर्ष के भीतर योजना में निर्दिष्ट किसी पुष्ट क्षेत्र में स्थानान्तरित करना होगा या कथित अवधि की समाप्ति पर अपुष्ट प्रयोग को बन्द करना होगा :

परन्तु किसी भी व्यक्ति द्वारा "शोरकारक" उद्योग हेतु उस जोन में उक्त भूमि या भवन का ऐसी अवधि हेतु जितनी कि प्राधिकरण अनुमत करें, प्रयोग जारी रखना वैध माना जाएगा :--

(1) अनुसूची-2 के अनुसार परिकलन-पैमाने के आधार पर दस वर्ष की अवधि तक यदि--

(ए) विनियमों में उद्धृत उद्योग का पूंजीगत मूल्य उच्चतर है;

(बी) उद्योग का पंजीकृत श्रम अधिक है, तथा

(सी) विनियमों में उद्धत उद्योग का प्रति कामगार फर्श क्षेत्र अधिक हो।

(2) किसी अन्य मामले में शोरकारक उद्योगों की विशिष्ट प्रकृति को ध्यान में रखकर प्राधिकरण द्वारा तय की जाने वाली उचित शर्तों व निबंधनों के आधार पर तथा समय-समय पर अपुष्ट प्रयोग हेतु उसी प्रकार निर्धारित दरों के अनुसार कर की वसूली करके अनुमति दी जाएगी।

7. शोर-रहित उद्योग : किसी व्यक्ति द्वारा चाहे योजना लागू होने क तुरन्त पहले से किसी भूमि या भवन को शोर-रहित उद्योग को चलाने हेतु प्रयोग में लाया जा रहा है तो उसे उस उद्योग को छह वर्ष के भीतर योजना में निर्दिष्ट किसी पुष्ट क्षेत्र में स्थानान्तरित करना होगा या कथित अवधि की समाप्ति पर अपुष्ट प्रयोग को बंद करना होगा :

परन्तु किसी भी व्यक्ति द्वारा 'शोर-रहित उद्योग' हेतु उस जोन में उक्त भूमि या भवन का ऐसी अतिरिक्त अवधि के लिए जितनी कि प्राधिकरण अनुज्ञात करें, प्रयोग जारी रखना वैध माना जाएगा :--

(1) अनुसूची-2 के अनुसार परिकलन-पैमाने के आधार पर 20 वर्ष की अवधि तक, यदि :—

(ए) विनियमों में उद्धृत उद्योग का पूंजीगत मूल्य उच्चतर है;

(बी) उद्योग का पंजीकृत श्रम अधिक है; तथा

(सी) किसी अन्य मामले में उद्योग की विशिष्ट प्रकृति को ध्यान में रखकर प्राधिकरण द्वारा तय की जाने वाली उचित शर्तों व निबन्धनों के आधार पर तथा समय-समय पर अपुष्ट प्रयोग हेतु इसी प्रकार निर्धारित दरों के अनुसार कर की वसूली करके अनुमति दी जाएगी।

8. औद्योगिक क्षेत्र में रिहायशी प्रयोग : रिहायशी अपुष्ट प्रयोग तथा इसका परिवर्तन किसी व्यक्ति द्वारा चाहे योजना लागू होने के तुरन्त पहले से किसी औद्योगिक प्रयोग वाले जोन में रिहायशी उद्देश्यों हेतु किसी भूमि या भवन का अपुष्ट प्रयोग के रूप में उपयोग किया जा रहा है तो वह उसको 10 वर्ष की अवधि तक जारी रख सकता है। परन्तु इस अवधि की समाप्ति पर उसे अपुष्ट प्रयोग को योजना में निर्दिष्ट किसी पुष्ट में स्थानान्तरित करना होगा।

परन्तु किसी भी व्यक्ति द्वारा उसी जोन में उक्त 10 वर्ष की निर्धारित अवधि के बाद भी अपुष्ट प्रयोग जारी रखा जाना उस अवस्था में वैध माना जाएगा, यदि वह व्यक्ति ले-आउट प्लान तथा अपुष्ट रूप में प्रयोग की जा रही सुपर स्ट्रक्चर के संबंध में प्राधिकरण से अनुमोदन-प्राप्त कर लेता है।

9. वाणिज्यिक क्षेत्रों में रिहायशी प्रयोग : किसी व्यक्ति द्वारा चाहे योजना लागू होने के तुरन्त पहले से किसी वाणिज्यिक जोन में रिहायशी उद्देश्य हेतु किसी भूमि या भवन का अपुष्ट प्रयोग के रूप में उपयोग किया जा रहा हो तो वह उस प्रयोग को 10 वर्ष की अवधि तक जारी रख सकता है परन्तु इस अवधि की समाप्ति पर उसे अपुष्ट प्रयोग को योजना में निर्दिष्ट किसी पुष्ट क्षेत्र में स्थानान्तरित करना होगा :

परन्तु किसी भी व्यक्ति द्वारा उसी जोन में उक्त दस वर्ष की निर्धारित अवधि के पश्चात भी उक्त अपुष्ट प्रयोग जारी रखा जाना उस अवस्था में वैध माना जाएगा, यदि (ए) उस व्यक्ति ने ले-आउट प्लान तथा अपुष्ट रूप में प्रयोग की जा रही सुपर स्ट्रक्चर के संबंध में प्राधिकरण से अनुमति प्राप्ति कर ली है।

(बी) प्राधिकरण लिखित रूप में दर्ज किये गये कारणों के आधार पर उस जोन में भवन की प्रथम तथा ऊपरी मंजिल को रिहायशी प्रयोग हेतु प्रयोग में लाये जाने हेतु अनुमति दे सकता है।

10. सार्वजनिक मनोरंजनात्मक क्षेत्रों में रिहायशी प्रयोग : किसी भी व्यक्ति द्वारा चाहे योजना लागू होने के तुरन्त पहले से किसी सार्वजनिक मनोरंजनात्मक क्षेत्र वाले जोन में स्थित किसी भूमि या भवन का रिहायशी उद्देश्य हेतु अपुष्ट प्रयोग किया जा रहा हो तो वह उस भूमि या भवन के प्रयोग को जारी रख सकेगा बशर्ते वह भूमि या भवन किसी गांव में स्थित हो जो 1 सितम्बर, 1962 को अस्तित्व में था तथा अन्य सभी मामलों में 10 वर्ष तक या ऐसी बढ़ी हुई अवधि तक जो अनुमत मामले की विशिष्ट परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण द्वारा दी जाए।

11. औद्योगिक क्षेत्रों में वाणिज्यिक प्रयोग : औद्योगिक प्रयोग के जोन में वाणिज्यिक उद्देश्यों हेतु किसी भूमि या भवन को किसी व्यक्ति द्वारा :—

(ए) 10 वर्ष की अवधि तक उपयोग किया जा सकता है बशर्ते वह प्राधिकरण से ऐसी भूमि या भवन के प्रयोग को वाणिज्यिक प्रयोग को परिवर्तित कराने तथा ले-आउट प्लान और उस पर स्थित स्ट्रक्चर के संबंध में स्वीकृति प्राप्त कर लें; और

(बी) किसी अन्य मामले में ऐसी शर्तों व नियमों के आधार पर प्रयोग किया जाएगा जैसी प्राधिकरण तय करें।

12. रिहायशी क्षेत्र में वाणिज्यिक प्रयोग :—रिहायशी प्रयोग के जोन में वाणिज्यिक उद्देश्य हेतु किसी भूमि या भवन को किसी यक्ति द्वारा :—

(ए) 10 वर्ष का अवधि तक प्रयोग कर सकता है बशर्ते उस जोन की क्षेत्र य विकास योजना में वह भूमि स्थानीय वाणिज्यिक क्षेत्र के रूप में निर्दिष्ट हो; तथा

(बी) किसी अन्य मामले में ऐसी शर्तों व नियमों के आधार पर प्रयोग किया जाएगा जैसा प्राधिकरण तय करें।

13. सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक क्षेत्रों में जिसमें मनोरंजनात्मक क्षेत्र भी शामिल हैं, में वाणिज्यिक प्रयोग :—सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक प्रयोग के जोन में जिसमें मनोरंजनात्मक जोन भी सम्मिलित है, में वाणिज्यिक उद्देश्य हेतु किसी भूमि या भवन को किसी व्यक्ति द्वारा :

(ए) 10 वर्ष तक की अवधि तक प्रयोग किया जा सकता है बशर्ते उस जोन की क्षेत्रीय विकास योजना में वह भी स्थानीय वाणिज्यिक क्षेत्र के रूप में निर्दिष्ट हो; तथा

(बी) किसी अन्य मामले में ऐसी शर्तों व नियमों के आधार पर प्रयोग किया जाएगा जैसा प्राधिकरण तय करें।

14. अपुष्ट क्षेत्रों में सुधार एवं परिवर्तन :—किसी व्यक्ति द्वारा यदि योजना लागू होने के तुरन्त पहले से किसी भूमि या भवन का प्रयोग उस जोन की मुख्य या क्षेत्रीय विकास योजना के अनुरूप नहीं किया जा रहा हो और यदि वह उस भूमि या भवन पर संस्थापित मशीनरी में सुधार या बदलाव करना चाहे तो उसे इसकी इजाजत होगी बशर्ते ऐसे सुधार या बदलाव इन विनियमों की अनुसूची- 3 में उल्लिखित मदों के अंतर्गत आते हों।

15. अस्थायी परमिट :—कोई भी भूमि या भवन नक्शे में उसके निर्धारित प्रयोग से अन्यथा उद्देश्य हेतु अस्थायी रूप में एक सीमित अवधि हेतु आवेदन प्राप्ति पर कारणों को लिखित रूप में एक सीमित अवधि हेतु आवेदन प्राप्ति पर कारणों को लिखित रूप में दर्ज करते हुए प्रयोग में लाने हेतु अनुमत की जा सकती है जैसे किसी औद्योगिक स्टेट के निर्माण के समय मजदूरों के रहने के लिये टैन्टों हेतु अथवा यदि विकासाधीन क्षेत्र में सम्पत्ति मालिक की इच्छा पर कृषि के प्रयोग को जारी रखने हेतु या विकासाधीन क्षेत्रों में ही भूमि के नक्शे में निर्धारित प्रयोग से अन्यथा किसी उद्देश्य हेतु अस्थायी प्रयोग हेतु उपयोग में लाना।

16. अनुज्ञप्त प्रयोग :—किसी जोन में किसी भूमि या भवन के प्रयोग को वैध माना जाएगा यदि वह भूमि संलग्न अनुसूची - 4 में अपने जोन में अनुज्ञप्त प्रयोग से दर्शित प्रयोगों में से किसी एक प्रयोग हेतु निर्दिष्ट की गई हो।

17. विशेष अपील पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा यदि अनुमति दी जाए तो अनुज्ञप्त प्रयोग :—किसी जोन में किसी भूमि या भवन को यदि यहां अनुसूची -4 में उल्लिखित विशेष अपील के अन्तर्गत सक्षम प्राधकारी द्वारा किसी भी उद्देश्य हेतु प्रयोग करने के लिये स्पष्टतः अनुमत कर दिया जाए तो उसे प्रयोग में लाया जाना वैध माना जाएगा।

विनियम 1 (ओ) के अनुसार अनुसूची–1

प्रयोग क्षेत्र

1	2	3
1.	आर–25	रिहायशी
2.	आर–50	रिहायशी
3.	आर–60	रिहायशी
4.	आर–75	रिहायशी
5.	आर–100	रिहायशी
6.	आर–125	रिहायशी
7.	आर–150	रिहायशी
8.	आर–200	रिहायशी
9.	आर–250	रिहायशी
10.	ए–1	कृषि हरित पट्टी
11.	ए–2	ग्रामीण
12.	सी–1	खुदरा विपणन
13.	सी–2	सामान्य व्यापार तथा वाणिज्यिक (केन्द्रीय तथा उप-केन्द्रीय व्यापार जिले, जिला केन्द्र)
14.	सी–3	थोक
15.	एम–1	फ्लैटिड फैक्ट्री
16.	एम–2	कार्य व औद्योगिक केन्द्र
17.	एम–3	विशेष उद्योग
18.	एम–4	हल्के उद्योग तथा सर्विस इन्डस्ट्री
19.	एम–5	व्यापक विनिर्माण
20.	एम–6	निष्कर्षणात्मक उद्योग, उत्खनन ईंट-भट्टे, पत्थर-क्वैरी इत्यादि।
21.	डब्ल्यू.	गोदाम, भण्डारण तथा डिपो।
22.	सी	सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी कार्यालय।
23.	पी	मनोरंजनात्मक।
24.	एफ	सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक सुविधाएं।

विनियम 5 से 7 के अनुसार अनुसूची–2

अपुष्ट प्रयोगों हेतु समय-सारिणी

औद्योगिक प्रयोग :

विलम्बन काल की स्थिति	हानिकारक उद्योग	शोरकारक उद्योग	शोररहित उद्योग
	वर्ष संख्या	वर्ष संख्या	वर्ष संख्या
1	2	3	4
वे उद्योग जहां पंजीकृत कर्मचारी संख्या 1 से 19 है और प्रति कामगार फर्श-क्षेत्र 50 वर्ग फुट या उससे कम है और पूंजीगत मूल्य एक लाख से कम है।	3	4	6
पंजीकृत कर्मचारियों की संख्या 20 से 99 के बीच है (अतिरिक्त वर्ष)	—	1	2
पंजीकृत कर्मचारियों की संख्या 100 या उससे अधिक है (अतिरिक्त वर्ष)	—	1	2
प्रति कामगार फर्श-क्षेत्र की उपलब्धता 51 से 100 वर्ग फुट है (अतिरिक्त वर्ष)	—	1	2
प्रति कामगार फर्श-क्षेत्र की उपलब्धता 100 वर्ग फुट से ऊपर है (अतिरिक्त वर्ष)	—	1	2
पूंजीगत मूल्य यदि एक से पांच लाख के बीच है (अतिरिक्त वर्ष)	1	1	2

1	2	3	4
पूंजीगत मूल्य यदि पांच लाख से ऊपर है (अतिरिक्त वर्ष)	1	1	4
अधिकतम वर्ष संख्या	5	10	20

नोट :—1. सारिणी में दर्ज प्रत्येक संख्या पर समय दर्शाया गया है जो सारिणी में प्रस्तुत क्रम का समुच्चयबोधक है।

